दिन– गुरुवार दिनांक– 24 / 10 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

चक्रवाती तूफान दाना के आज रात से कल सुबह तक उत्तरी ओडिशा और पश्चिम बंगाल के तटीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका है। इसे लेकर मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक रेड अलर्ट जारी किया है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्रा ने कहा कि चक्रवात दाना उत्तर–पश्चिम की ओर बढ़ेगा और भीषण चक्रवाती तूफान में बदल जायेगा।

———————————————————————

चक्रवाती तूफान दाना के प्रभाव से राज्य के दक्षिण–पूर्व भागों में विभिन्न स्थानों पर बारिश की परिस्थितियां बनी हुयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि राजधानी पटना समेत प्रदेश के उन्नीस जिलों में तूफान का आशिंक असर पड़ने की संभावना है। इस दौरान जमुई, बांका, मुंगेर, पूर्णिया, कटिहार, अररिया, किशनगंज और सुपौल समेत विभिन्न जिलों में तीस से चालीस किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से तेज हवा चल सकती है। विभाग ने इन क्षेत्रों में आंधी–पानी को लेकर अलर्ट भी जारी किया है।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने देश में डायमोनियम फॉस्फेट–डीएपी उर्वरक की कमी से संबंधित मीडिया रिपोर्टों को खारिज करते हुए कहा है कि ये भ्रामक और तथ्यात्मक स्थिति से परे हैं। रसायन और उर्वरक मंत्रालय ने एक प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया है कि डीएपी पर सब्सिडी बिल्कुल भी कम नहीं की गई है और इसकी अधिकतम खुदरा कीमत कोविड के समय से ही एक हजार तीन सौ पचास रुपये प्रति पचास किलोग्राम बैग रखी गई है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि किसानों को फायदा पहुंचाने के लिए, केंद्रीय मंत्रिमंडल ने रबी वर्ष दो हजार चौबीस के लिए डीएपी की सब्सिडी में वृद्धि का निर्णय लिया है।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि राज्य के विभिन्न भागों में विकास योजनाओं को समय पर पूरा किया जाएगा। श्री कुमार ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पंचायती राज विभाग की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करते हुए मार्च दो हजार पच्चीस तक पंचायत सरकार भवनों का निर्माण पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने शिवहर, दरभंगा, अरवल, मधुबनी समेत विभिन्न जिलों में निर्मित पंचायत संसाधन केन्द्र का लोकार्पण किया। श्री कुमार ने मुख्यमंत्री सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत अलग–अलग जिलों के विभिन्न पंचायतों में स्थापित सोलर स्ट्रीट लाइट का भी लोकार्पण किया। साथ ही विभिन्न जिलों में पंचायत सरकार भवनों का शिलान्यास किया।

———————————————————————

राज्य के चार विधानसभा क्षेत्रों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ में नामांकन भरने का कार्य तेज गति से चल रहा है। कल नामांकन का अंतिम दिन है। हमारे गया संवाददाता ने बताया है कि आज इमामगंज विधानसभा क्षेत्र से हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रत्याशी दीपा मांझी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। इस अवसर पर हम संरक्षक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी भी मौजूद थे। वहीं, बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से राजद प्रत्याशी विश्वनाथ कुमार सिंह ने पर्चा दाखिल किया। चुनाव आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार इन चार सीटों पर अब तक अठारह प्रत्याशियों ने अपने नामांकन पर्चे भरा है। नामांकन पत्रों की जांच अट्‌टाईस अक्टूबर को होगी, जबकि प्रत्याशी तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकते हैं। मतदान तेरह नवम्बर को होगा।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खरमौली गांव में छापेमारी कर पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्‌भेदन किया है। पुलिस ने मौके से तीन देशी पिस्तौल, कई अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये हैं। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के विभिन्न भागों में डेंगू और चिकनगुनिया के मरीजों को मिलने का सिलसिला जारी है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के

अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्यभर में डेंगू के एक सौ छियासी नए मरीज मिले हैं। पटना जिले में सबसे अधिक एक सौ दो मरीजों की पहचान की गयी है।

————————————————————————————

आकाशवाणी समाचार के पूर्व महानिदेशक पी.के. बंद्योपाध्याय का कल कोलकाता में हृदय गति रूक जाने से निधन हो गया। भारतीय सूचना सेवा के पूर्व अधिकारी श्री बंद्योपाध्याय ने आकाशवाणी समाचार, प्रेस सूचना ब्यूरो तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अन्य मीडिया इकाईयों में प्रतिष्ठित पदों पर लंबे समय तक योगदान दिया था।

————————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।